पंजाब केसरी 14/11/2025

जी.एम.एन. कॉलेज की डा. गीता कौशिक राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार से सम्मानित

अम्बाला, 13 नवम्बर (बलराम): भगवती वैलफेयर सोसायटी, हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन 3.0 का आयोजन किया।

डा. अदित सिंह वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन के दौरान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज अम्बाला छावनी में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की सहायक प्रोफैसर डा. गीता कौशिक को शिक्षा के क्षेत्र में जागरुकता बढ़ाने, जन-जन में शिक्षा की महत्ता को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम से खुद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के प्रयासों के लिए राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार से सम्मानित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की सहायक प्रोफैसर डा. गीता कौशिक को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने डा. गीता कौशिक के प्रयासों की सराहना की और डा. अदित सिंह वर्मा द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य शिक्षकों के विकास की दिशा में अहम कदम है। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने डा. गीता कौशिक को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रतिपादित उत्कृष्ट शिक्षण पद्धतियां सराहनीय होने के साथ-साथ सभी सह शिक्षकों के लिए प्रेरणाप्रद भी हैं।